# Swadesh Conclave का भव्य आगाज, केंद्रीय मंत्री Anurag Thakur ने कहा आजादी के वीर सपूतों का बलिदान न भूले राष्ट्र

*Swadesh Conclave: कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सोमवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राजश्री राय और प्रदीप राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बता दें कि स्वदेश कॉन्क्लेव अपने आप में एक अनोखी तरह की पहल है।*

By - August 8, 2022




*Swadesh Conclave*

**Swadesh Conclave:** स्वदेश कॉन्क्लेव एंड अवाड्र्स कार्यक्रम की भव्य शुरुआत नई दिल्ली के विज्ञान भवन से हो गई है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सोमवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राजश्री राय और प्रदीप राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बता दें कि स्वदेश कॉन्क्लेव अपने आप में एक अनोखी तरह की पहल है। इस पहल के तहत एपीएन न्यूज, बालाजी फाउंडेशन के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित करता है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश आजादी का 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इस मौके पर ऐसे आयोजन निसंदेह हम सभी के अंदर राष्ट्रवाद का प्रसार करते हैं।इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आजादी के अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर आगे बढ़ना होगा। आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, लेकिन यहां मौजूद हम में से किसी ने भी इसमें कोई योगदान नहीं दिया। ऐसे में जिन लोगों ने योगदान दिया उन्हें नमन करना याद करना बेहद जरूरी है।

*Swadesh Conclave*

# Swadesh Conclave: आप भी घर के ऊपर तिरंगा फहराएं- Anurag Thakur

आजादी के 75 साल पूरे होने पर हर घर तिरंगा का अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।आप अपने घर के ऊपर तिरंगा लगाएं ताकि पूरी दुनिया को पता चल सके कि हम देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांव मना रहे हैं। हम खुद तिरंगा खरीदेंगे और लगाएंगे भी। हम इसके लिए किसी का इंतजार नहीं करेंगे, कि कोई हमें तिरंगा देकर जाए।

अनुराग ठाकुर ने कहा की वर्ष 2010 में दूसरी बार जब सांसद बने उस समय मानसून सत्र चल रहा था।कश्मीर से रोज जवानों के घायल होने की खबरें आती थीं,.लेकिन अब ऐसा नहीं है। नरेंद्र मोदी की सरकार में 3 तलाक और आर्टिकल 370 हटाया जा चुका है।अब ऐसे मामलों की गिनती बेहद कम हो गई है।

## संबंधित खबरें

- JDU-BJP गठबंधन में तनाव? बिहार के CM Nitish Kumar ने बुलाई अहम बैठक;पटना पहुंचेंगे पार्टी विधायक
- Raksha Bandhan 2022: लोगों में बढ़ा 'बुलडोजर', 'योगी' और 'मोदी' राखी का क्रेज, इस साल बुलडोजर बना ब्रांड